स्वतंत्रता दिवस मनाया

**उमंग, उत्साह और उल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, प्रभारी मंत्री ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के प्रांगण में किया ध्वजारोहण**

# जिले को विकसित बनाने सरकार कर रही योजनाबद्ध कार्यवाही : अहिरवार





**अनूपपुर, नवभारत 16 अगस्त।** जिला मुख्यालय अनूपपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमामय माहौल में मनाया गया। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अनूपपुर को विकसित जिला बनाने हेतु संकल्पना और योजना के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'विकसित मध्यप्रदेश' के रोडमैप से निश्चित ही प्रदेश प्रगति के नए अध्याय लिखेगा। उन्होंने कहा कि जिले की क्षमताएं, आकांक्षाएं और अवसर इसे विशेष बनाते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि अनूपपुर को समृद्ध, संपन्न और वैभवशाली जिले के रूप में स्थापित किया जाए। मंत्री ने विभिन्न योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना, लाडली बहना, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, जलगंगा संवर्धन अभियान, नर्मदा परिक्रमा पथ विकास कार्यक्रम, ई-ऑफिस एवं ई-अटेंडेंस व्यवस्था का उल्लेख करते हुए जिला प्रशासन की सराहना की।

### परेड में जिला पुलिस बल रहा प्रथम स्थान पर

समारोह में पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड एवं रेडक्रॉस दल ने आकर्षक परेड प्रस्तुत कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। उत्कृष्ट परेड करने वाले दलों को पुरस्कृत किया गया। परेड सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल (पुरुष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विशेष सशस्त्र बल 10वीं वाहिनी (एसएएफ) एफ कम्पनी सागर कैम्प चचाई द्वितीय स्थान पर रही, जबकि जिला पुलिस बल (महिला) ने तृतीय स्थान हासिल किया। परेड जूनियर वर्ग में स्काउट गाइड जूनियर सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। वहीं स्काउट गाइड जूनियर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को द्वितीय तथा स्काउट



गाइड सीनियर शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर को तृतीय स्थान मिला। मार्च पास्ट का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे और सेकंड-इन-कमांड सूबेदार अम्ब्रीस कुमार साहू ने किया।

### विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं

इसी प्रकार विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें जयतु जयतु भारतम्, भारत-हर दिन एक उत्स, म्हारो मध्यप्रदेश जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूनियर वर्ग में बाल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, डीवीएम पब्लिक स्कूल अनूपपुर को द्वितीय तथा सरस्वती उ.मा.वि. को तृतीय पुरस्कार मिला। वहीं सीनियर वर्ग में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर उ.मा.वि. ने प्रथम, शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय ने द्वितीय और शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय ने तृतीय स्थान हासिल किया।

### शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों का किया सम्मान

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कलेक्टर हर्षल पंचोली, प्रभारी पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक ज्योति दुबे के साथ खुले वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के उपरांत शांति के प्रतीक स्वरूप तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। इसके बाद देश की सेवा में वीरगति को प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री द्वारा शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की सराहना की

प्रभारी मंत्री ने नगर परिषद जैतहरी क्षेत्र में 113 लाख रुपए की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी की गौरव गाथा का दिन है और प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों की सराहना की और कहा कि अनूपपुर जिला योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है, जो गौरव का विषय है।

### विकास कार्यों का किया लोकार्पण



जैतहरी में प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने शुक्रवार को जैतहरी नगर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम स्मार्ट क्लास एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, भविष्य की योजनाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर विचार साझा किए। मंत्री ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को अपनाना चाहिए। उन्होंने स्मार्ट क्लास की तकनीकी सुविधाओं और लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों का अवलोकन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष जैतहरी उमंग गुप्ता, हीरा सिंह श्याम, अनिल गुप्ता, एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी, एसडीएम जैतहरी अंजलि द्विवेदी, सीएमओ जैतहरी भूपेंद्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### एमबी पावर प्लांट में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



देशभर में आजादी के अमृत महोत्सव की गूंज के बीच एमबी पावर प्लांट परिसर भी देशभक्ति के रंगों में सराबोर रहा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीओओ एवं प्लांट प्रमुख आनंद देशपांडे ने ध्वजारोहण कर शहीदों के अमर बलिदान को नमन किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में संयंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संयंत्र का शत-प्रतिशत क्षमता संचालन सामूहिक समर्पण और टीम वर्क का श्रेष्ठ उदाहरण है। उन्होंने सीएसआर के अंतर्गत वर्षभर में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। सुरक्षा विभाग प्रभारी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा जवानों ने अनुशासित व भव्य परेड कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। वहीं, बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित नाट्य और संगीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। पूरे परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया, जिससे माहौल और भी विशेष बन गया।

### तिरंगा यात्रा एकता और गौरव की पहचान




प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल परंपरा नहीं, बल्कि एकता और गौरव की पहचान है। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनें। प्रभारी मंत्री शुक्रवार को जिला मुख्यालय अनूपपुर में आयोजित हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के अंतर्गत आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के मंच के पीछे स्थित विश्राम गृह से प्रारंभ हुई। यात्रा तहसील कार्यालय होते हुए इंदिरा तिराहा पहुंचकर सम्पन्न हुई।



## मोटरसाईकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश

**कोतमा, नवभारत 16 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं एसडीओपी आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ला व उनकी टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी की 15 मोटरसाइकिल व 4 चेसिस सहित कुल 19 गाड़ियां बरामद कर ली हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार 8 अगस्त को फरियादी रमेश साहू की मोटरसाईकिल कोतमा बाजार से चोरी हुई थी। इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मुखबिर की सूचना पर 15 अगस्त को पुलिस ने सैफ अहद निवासी फिल्टर टोला कोतमा को चोरी की मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने साथी सरफराज उर्फ सरफरोज और अन्य आरोपियों के साथ कई चोरी की वारदातें कबूल कीं।

### पार्ट्स निकालकर कबाड़ी को बेचे

सख्त पूछताछ के बाद आरोपी ने बताया कि चोरी की गई मोटरसाइकिलों को वह पार्ट्स निकालकर कबाड़ी बबलू उर्फ मुकेश जायसवाल निवासी मनमारी को बेचता था। पुलिस ने बबलू को भी गिरफ्तार कर उसके पास से 4 चेसिस और 4 संदिग्ध मोटरसाइकिलें जब्त कीं। इसके अलावा आरोपी ने कबूला कि वह चोरी की 10 मोटरसाइकिलें धनपुरी निवासी ऑटो डीलर मोह. कलाम उर्फ शारूफ को बेच चुका है। पुलिस ने धनपुरी जाकर उसके कब्जे से 6 मोटरसाइकिलें बरामद कीं।

## मुख्यमंत्री ने एसपी को किया सम्मानित



▸ नक्सल ऑपरेशन में अदम्य साहस पर मोती उर रहमान को वीरता पदक दिया गया

**अनूपपुर, नवभारत 16 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान को राष्ट्रपति वीरता पदक से सम्मानित किया गया है। श्री रहमान वर्ष 2023 में हॉक फोर्स, बालाघाट के पद पर पदस्थ थे। इस दौरान बालाघाट के लांजी वन क्षेत्र में नक्सलियों की बढ़ती गतिविधियों के संबंध में लगातार खुफिया जानकारी प्राप्त हो रही थी। 22 अप्रैल 2023 की रात करीब 3 बजे जब पुलिस टीम कटंगा फॉरेस्ट गांव से बालेला फॉरेस्ट गांव की ओर बढ़ रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस पर पुलिस टीम ने तत्काल जवाबी कार्रवाई की।

### 2 खूंखार नक्सली मार गिराए थे

कमांड अधिकारी हॉक फोर्स मोती उर रहमान ने साहस और नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए दोनों दिशाओं से नक्सलियों की घेराबंदी की और जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए निर्णायक युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान 2 खूंखार नक्सली मारे गए तथा बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इस सफल कार्रवाई के चलते श्री रहमान को राष्ट्रीय स्तर पर वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा 14 अक्टूबर 2023 को भारत सरकार द्वारा की गई थी। जहां स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित अलंकरण समारोह में श्री रहमान को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वीरता पदक से सम्मानित किया।



## ऑनलाइन सट्टा गैंग का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

▸ बिजुरी पुलिस को मिली सफलता

**अनूपपुर, नवभारत 16 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में बिजुरी पुलिस ने अंतरराज्यीय ऑनलाइन सट्टा गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में छत्तीसगढ़ से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 बिजुरी निवासी फरियादी मोहम्मद बिलाल ने पुलिस को शिकायत दी थी कि आरोपी सलमान मंसूरी निवासी अलीनगर बिजुरी ने नौकरी का झांसा देकर उससे 45 हजार की धोखाधड़ी की। आरोपी ने फरियादी व उसके भाइयों के नाम पर एचडीएफसी बैंक में खाते खुलवाए, जिनका उपयोग ऑनलाइन सट्टे के लेन-देन में किया गया। शिकायत पर थाना बिजुरी में धारा 420 भादवि दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन व 12 हजार नकद किए जब्त

जांच के दौरान पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी सलमान मंसूरी को उसके साथी शुभम वर्मा निवासी कुसुम नगर भिलाई और विकास उर्फ विक्की यादव निवासी भरौदा भिलाई (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 1 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 8 मोबाइल फोन, 12 हजार नगद व अन्य दस्तावेज जप्त किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नए बैंक खातों का उपयोग कर अवैध ऑनलाइन सट्टा खिलाने और बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन करते थे। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।

## कल्याणपुर में जंगली सूअर का शिकार, 2 गिरफ्तार

▸ 16 किलो मांस और शिकार में प्रयुक्त सामग्री की जब्त



**कोतमा 16 अगस्त।** कोतमा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कल्याणपुर बीट के जंगल में वन्य प्राणी जंगली सूअर का शिकार किए जाने का मामला सामने आया है। 15 अगस्त की रात को शिकारियों द्वारा रेरुला के जंगल में तार लगाकर सूअर का शिकार किया। सूचना पर रेंजर हरीश तिवारी के नेतृत्व में वन अमले ने दबिश देकर जंगली सूअर के मांस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, साथ ही कुछ आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। आरोपी दारा सिंहा और बंसी पटेल के कब्जे से 16 किलो मांस, शिकार में प्रयुक्त क्लच वायर, जीआई तार, गड़ासा, खूंटी सहित अन्य सामान बरामद किया। खेलन सिंह एवं पूरन अगरिया सहित अन्य फरार हो गए। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर शुक्रवार को कोतमा न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेजा गया।

## 11 वर्षों बाद मिला पुलिस उपनिरीक्षक को न्याय

▸ उच्च न्यायालय ने 60 दिन में सेवा बहाली के दिए निर्देश



**अनूपपुर नवभारत 16 अगस्त।** मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के रामनगर थाने में पदस्थ पुलिस उपनिरीक्षक सतीश द्विवेदी को उच्च न्यायालय जबलपुर ने ग्यारह वर्ष पश्चात निचली अदालत का फैसला पलटते हुए निर्दोष बताते हुए बरी कर दिया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने पुलिस में पुनः वापसी का आवेदन देने के 4 माह बाद भी बहाली आदेश नहीं होने पर उच्च न्यायालय जबलपुर ने पुलिस महानिरीक्षक शहडोल को निर्देश दिया कि 60 दिवस के अंदर सेवा बहाली के आवेदन पर कार्यवाही करें। जिले के रामनगर थाने में पदस्थ पुलिस उपनिरीक्षक सतीश द्विवेदी को दुर्भावना वश लोकायुक्त द्वारा ट्रैप करवाकर आरोपी बना दिया गया था, वर्ष 2013 के बाद ट्रायल कोर्ट ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजर अंदाज करते हुए दोषी माना था, इसके बाद बर्खास्त कर दिया था। जिस पर सतीश द्विवेदी ने ट्रायल कोर्ट के आदेश और विभाग के आदेश की अपील उच्च न्यायालय जबलपुर में की सिमे बताया गया कि रामनगर थाने में पदस्थापना के दौरान लोकायुक्त द्वारा ट्रैप करवाकर आरोपी बना दिया गया था, जबकि प्रकरण उनके थाना क्षेत्र का था ही नहीं और उनके समक्ष जांच में भी नहीं था।

### प्रकरण उनके थाना क्षेत्र का था ही नहीं

उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में सभी गवाहों और दर्ज प्रकरण की सूक्ष्मता से सुनवाई की और पाया कि जिस प्रकरण में पैसा लेने का आरोप द्विवेदी पर लगाया गया है वह प्रकरण उनके थाना क्षेत्र का था ही नहीं और उनके समक्ष जांच में भी नहीं था, जिस पर उच्च न्यायालय उन्हें झूठे प्रकरण से निर्दोष बताते हुए बरी कर दिया। इस निर्णय के बाद संबंधित शाखा में पुनः सेवा में बहाल किए जाने हेतु दिए गए आवेदन पर चार माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने पर सतीश द्विवेदी एक बार फिर उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करनी पड़ी।

### कर्मचारी का संघर्ष विभाग को समझना चाहिए

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने कहां कि प्रत्येक शासकीय ड्डकर्मचारी का अधिकार है वह दोषमुक्त होने पर पुनः समस्त लाभों को प्राप्त करेगा। स्वयं को निर्दोष साबित करने के लिए विभाग के कर्मचारी का संघर्ष विभाग को समझना चाहिए और उसे त्वरित बहाली का आदेश दिया जाना चाहिए।

**गुड्डू चौहान बने नये जिला अध्यक्ष, अब तक निलंबन नहीं हुआ वापस, कार्यकर्ता असमंजस में**

# दो बार निष्कासित युवा नेता को मिली कांग्रेस की कमान



**अनूपपुर नवभारत 16 अगस्त।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अनूपपुर जिले सहित 71 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। अनूपपुर जिले का नेतृत्व गुड्डू चौहान को सौंपा गया है। चौहान पहले युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं वर्ष 2020 एवं 2015 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण अभी निलंबित हैं। जिले में दोनों प्रमुख दलों के जिला अध्यक्ष युवा हैं।

जिला कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष गुड्डू चौहान स्नातक हैं और कॉलेज से ही छात्र संगठन की राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वह विभिन्न मुद्दों पर सरकार का विरोध करते रहे हैं। हर आंदोलन में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। चौहान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी हिस्सा लिया था। जब यात्रा मध्य प्रदेश के शिवपुरी-गुना से गुजर रही थी, तब वे राहुल गांधी के साथ चले थे।

### निष्कासन के बाद भी सक्रिय रहे चौहान

विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के पहले 4 जून 2020 में अनूपपुर और जमुना-बदरा ब्लॉक में नए अध्यक्ष की नियुक्ति और जिले में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले 10 पदाधिकारियों को पार्टी से किया निष्कासित किया गया था। ज्ञात हो कि विधायक बिसाहू लाल सिंह ने कांग्रेस छोड़ भाजपा की सदस्यता लेने पर अनूपपुर विधानसभा में उपचुनाव हुआ था, जिसमें गुड्डू चौहान का नाम भी शामिल था। इसके बाद वर्ष 2015 में नगर पालिका कोतमा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर उन्हें कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। इसके बाद भी चौहान ने पार्टी को नहीं छोड़ा और हर कार्यक्रम में बढ़ चढकर हिस्सा लेते रहे और सरकार की नीति और कांग्रेस के निर्देशानुसार विरोध प्रर्दशन कर पार्टी को जीवित रखा।

### विधायक के करीबी माने जाते हैं

पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को एवं पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं। पिता कालरी कर्मचारी थे। परिवार राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं आता। भाजपा ने पहले ही हीरा सिंह श्याम को जिला अध्यक्ष बनाया था। कांग्रेस ने भी युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए चौहान को यह जिम्मेदारी सौंपी है। ज्ञात हो कि जिले में भाजपा ने भी युवातुर्क हीरा सिंह श्याम को जिला अध्यक्ष का दायित्व दिया था तभी से कयास लगाये जा रहे थे कि कांग्रेस भी जिले की कमान किसी युवा को दे सकती हैं।